**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 1862**
**गुरुवार, 31 जुलाई, 2025/9 श्रावण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

## उपभोक्ता विकास शुल्क के प्रभार

**1862. श्री माथेश्वरन वी. एस.:**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिनांक 11.06.2025 तक मैंगलोर हवाई अड्डे पर आने वाले यात्रियों से जीएसटी सहित उपभोक्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) की राशि कितनी ली गई है;

(ख) दिनांक 11.06.2025 तक मैंगलोर ह्वाई अड्डे पर उतरने वाले यात्रियों से जीएसटी सहित कितनी यूडीएफ राशि ली गई है; और

(ग) हवाई अड्डा आर्थिक नियामक प्राधिकरण (एईआरए) द्वारा सभी हवाई अड्डों के लिए जीएसटी सहित या जीएसटी रहित कितनी यूडीएफ राशि तय की गई है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) और (ख): भारत सरकार ने भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 2008 के अंतर्गत एक स्वतंत्र आर्थिक विनियामक अर्थात भारतीय विमानपत्तन आर्थिक विनियामक प्राधिकरण (ऐरा) की स्थापना की है। ऐरा सभी प्रमुख हवाईअड्डों के संबंध में अन्य बातों के साथ-साथ वैमानिकी परिसंपत्तियों के लिए निवेश पर प्रतिलाभ, परिचालन व्यय, मूल्यह्रास, कर आदि जैसे कारकों पर विचार करके प्रयोक्ता विकास शुल्क (यूडीएफ) सहित वैमानिकी शुल्क निर्धारित करता है।

ऐरा द्वारा मैंगलोर हवाईअड्डे के लिए 5 वर्ष की नियंत्रण अवधि (01.04.2021 - 31.03.2026) के लिए प्रयोक्ता विकास शुल्क निर्धारित किया गया है। मैंगलोर हवाईअड्डे के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रयोक्ता विकास शुल्क निम्नानुसार है:

(i) विमान में चढ़ने वाले घरेलू यात्री: 735 रुपये
(ii) विमान से उतरने वाले घरेलू यात्री: 315 रुपये

उपर्युक्त प्रयोक्ता विकास शुल्क में जीएसटी प्रभार शामिल नहीं है। उपर्युक्त प्रभारों पर सामान्यत: वित्त मंत्रालय/जीएसटी परिषद द्वारा निर्धारित प्रचलित दरों के अनुसार जीएसटी लागू होता है।

(ग): वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सभी प्रमुख हवाईअड्डों के लिए ऐरा द्वारा निर्धारित जीएसटी रहित प्रयोक्ता विकास शुल्क की राशि अनुलग्नक में दी गई है।

**अनुलग्नक**

**लोक सभा के दिनांक 31.07.2025 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1862 के उत्तर में संदर्भित विवरण**

**सभी प्रमुख हवाईअड्डों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ऐरा द्वारा निर्धारित जीएसटी के बिना प्रयोक्ता विकास शुल्क की राशि**

**(रुपये प्रति यात्री)**

| क्रमांक | हवाईअड्डों का नाम | यात्री का प्रकार | वित्त वर्ष 2025-26 | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | घरेलू | अंतर्राष्ट्रीय | |
| | | | | इकानमी | बिजनेस |
| 1 | दिल्ली | जहाज में चढ़ने वाले | 129 | 650 | 810 |
| | | जहाज से उतरने वाले | 56 | 275 | 345 |
| 2 | मुंबई | जहाज में चढ़ने वाले | 175 | 615 | 695 |
| | | जहाज से उतरने वाले | 75 | 260 | 304 |
| 3 | बेंगलुरु | जहाज में चढ़ने वाले | 550 | 1500 | |
| 4 | हैदराबाद | जहाज में चढ़ने वाले | 750 | 1500 | |
| 5 | अहमदाबाद | जहाज में चढ़ने वाले | 600 | 1190 | |
| 6 | अमृतसर | जहाज में चढ़ने वाले | 381 | 992 | |
| 7 | भुवनेश्वर | जहाज में चढ़ने वाले | 850 | 860 | |
| 8 | कालीकट | जहाज में चढ़ने वाले | 440 | 740 | |
| 9 | चंडीगढ़ | जहाज में चढ़ने वाले | 725 | 1550 | |
| 10 | चेन्नई | जहाज में चढ़ने वाले | 455 | 690 | |
| 11 | कोचीन | जहाज में चढ़ने वाले | 270 | 570 | |
| 12 | कोयंबटूर | जहाज में चढ़ने वाले | 550 | 710 | |
| 13 | गोवा-डाबोलिम | जहाज में चढ़ने वाले | 570 | 900 | |
| 14 | गुवाहाटी | जहाज में चढ़ने वाले | 625 | 980 | |
| | | जहाज से उतरने वाले | 265 | 420 | |
| 15 | इंदौर | जहाज में चढ़ने वाले | 650 | 700 | |
| 16 | जयपुर | जहाज में चढ़ने वाले | 875 | 1260 | |
| | | जहाज से उतरने वाले | 375 | 540 | |
| 17 | कन्नूर | जहाज में चढ़ने वाले | 850 | 1798 | |
| 18 | कोलकाता | जहाज में चढ़ने वाले | 644 | 1547 | |
| 19 | लखनऊ | जहाज में चढ़ने वाले | 950 | 1480 | |
| 20 | मंगलौर | जहाज में चढ़ने वाले | 735 | 1120 | |
| | | जहाज से उतरने वाले | 315 | 480 | |
| 21 | मोपा-गोवा | जहाज में चढ़ने वाले | 840 | 1200 | |
| | | जहाज से उतरने वाले | 360 | 500 | |
| 22 | पटना | जहाज में चढ़ने वाले | 865 | - | |
| 23 | पुणे | जहाज में चढ़ने वाले | 387 | 745 | |
| 24 | रायपुर | जहाज में चढ़ने वाले | 500 | - | |
| 25 | शिरड़ी | जहाज में चढ़ने वाले | 650 | - | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | जहाज से उतरने वाले | 280 | |
| 26 | श्रीनगर | जहाज में चढ़ने वाले | 1050 | 1100 |
| 27 | तिरुवनंतपुरम | जहाज में चढ़ने वाले | 840 | 1680 |
| | | जहाज से उतरने वाले | 360 | 720 |
| 28 | तिरुचिरापल्ली | जहाज में चढ़ने वाले | 600 | 800 |
| 29 | वाराणसी | जहाज में चढ़ने वाले | 460 | 1360 |

***टिप्पणी**:

i. नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डा जैसे ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों ने अभी तक अपने वाणिज्यिक परिचालन शुरू नहीं किए हैं। नवी मुंबई हवाईअड्डे के लिए ऐरा ने तदर्थ टैरिफ निर्धारित किया है, जो वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) से 31.03.2026 तक या नियमित वैमानिकी टैरिफ के निर्धारण तक, जो भी पहले हो, लागू होगा। अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए तदर्थ यूडीएफ – विमान में चढ़ने वाले यात्री के लिए 1500 रुपये और उतरने वाले यात्री के लिए 750 रुपये, घरेलू यात्रियों के लिए - विमान में चढ़ने वाले यात्री के लिए 840 रुपये और उतरने वाले यात्रियों के लिए 360 रुपये है।

ii. हाल ही में नामित/अधिसूचित तीन प्रमुख हवाईअड्डों अर्थात् देहरादून, पोर्ट ब्लेयर और नागपुर के लिए टैरिफ निर्धारण ऐरा द्वारा निर्धारित नहीं किया गया है, क्योंकि उनकी पहली नियंत्रण अवधि अभी शुरू होनी बाकी है।

******